पटना कारपोरेशन

१६५२

पृ -01- / टि.

Sec/M/V-108-116/2023

पत्राचार भाग पताका 'क' पर माननीया महापौर महोदया का पत्रांक-45/म0का0, दिनांक-21.04.2023 एवं नगर आयुक्त महोदय के गैर प्रेषण संख्या-4347, दिनांक-21.04.2023 कृपया अवलोकनार्थ।

उल्लेखनीय है कि सशक्त स्थायी समिति की तृतीय साधारण बैठक दिनांक-28.04.2023 को अपराह्न 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष, मौर्यालोक कम्पलेक्स, पटना में आहूत किया जाना है।

उक्त बैठक की सूचीना माननीया महापौर, उप-महापौर एवं सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्यों, नगर आयुक्त तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया जाना है। सूचना का प्रारूप तैयार कर पत्राचार भाग पर रक्षित है। कृपया अवलोकनार्थ एवं हस्ताक्षरार्थ उपस्थापित।

कार्यसूची निम्नवत् है :-

| क्र. | विषय | संबंधित शाखा |
|---|---|---|
| 1 | दिनांक-10.04.2023 को आहूत सशक्त स्थायी समिति की द्वितीय साधारण बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि। | सचिव शाखा |
| 2 | पटना नगर निगम में कार्यरत स्थायी, दैनिक, संविदा, अनुबंध एवं आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने के संबंध में। | स्थापना शाखा |
| 3 | निगम क्षेत्र में चल रहें नाला उड़ाही कार्य की समीक्षा। (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक एवं मुख्य सफाई निरीक्षक भी उपस्थित रहेंगे।) | सफाई शाखा |
| 4 | चापाकल एवं समरसेबुल बोरिंग की मरम्मति हेतु प्रत्येक वार्ड में राशि 50 हजार रू0 का आवंटन करने के संबंध में। | अभियंत्रण शाखा |
| 5 | पटना नगर निगम के पार्षदों के कार्यालय के लिए उपस्कर हेतु प्रत्येक वार्ड में 25 हजार रू0 का आवंटन करने के संबंध में। | स्थापना शाखा |
| 6 | अधिवक्ताओं के पुराने पैनल को निरस्त करते हुए नये पैनल का गठन करने के संबंध में। | विधि शाखा |
| 7 | स्पैरो कम्पनी के द्वारा अनुबंध अवधि में राजस्व वसूली कार्य की समीक्षा। | राजस्व शाखा |
| 8 | निगम में कार्यरत व्यक्ति विशेष कर-संग्रहक (दैनिक मजदूर) के वेतन बढ़ोत्तरी आदेश को निरस्त करने के संबंध में। | स्थापना शाखा |

पटना कारपोरेशन
१९५२



| | | |
|---|---|---|
| 9 | सभी वार्डो में अस्थायी प्याउ का निर्माण एवं पूर्व से बने प्याउ की मरम्मति के संबंध में। | अभियंत्रण शाखा |
| 10 | एच0एच0एस0 द्वारा वार्डो में आई0ई0सी0 ऐटिविटी के लिए नियुक्त कर्मी की सूची एवं उसके कार्यो की समीक्षा के संबंध में। | सफाई शाखा |
| 11 | पटना नगर निगम क्षेत्र में नक्शा की स्वीकृति के संबंध में। | नक्शा शाखा |
| 12 | पटना नगर निगम के स्वामित्व वाले ए0एन0कॉलेज के पास पानी टंकी की 1.5 एकड़ भूमि को पत्रांक-12454, दिनांक-31.08.2022 द्वारा नगर विकास भवन बनाने हेतु दी गयी स्वीकृति की समीक्षा करने के संबंध में। | भू-सम्पदा शाखा |
| 13 | अन्यान्य | |

26/04/23
निजी सहायक

26/04/2023
नगर सचिव
पटना नगर निगम

पत्राचार भाग पताका 'क' पर माननीया महापौर महोदया का पत्रांक-48/म0का0, दिनांक-27.04.2023 एवं नगर आयुक्त महोदय के गैर प्रेषण संख्या-4618, दिनांक-28.04.2023 कृपया अवलोकनार्थ।

उल्लेखनीय है कि सशक्त स्थायी समिति की तृतीय साधारण बैठक दिनांक-28.04.2023 को अपराह्न 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष, मौर्यालोक कम्पलेक्स, पटना में आहूत की गयी थी। जिसे अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दी गयी है। अब यह बैठक दिनांक-04.05.2023 (गुरूवार) को अपराह्न 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष, मौर्यालोक कम्पलेक्स, पटना में आहूत की करने का आदेश दिया गया है।

उक्त स्थगित एवं आहूत की जाने वाली बैठक की सूचना माननीया महापौर, उप-महापौर एवं सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्यों, नगर आयुक्त तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया जाना है। सूचना का प्रारूप तैयार कर पत्राचार भाग पर रक्षित है। कृपया अवलोकनार्थ एवं हस्ताक्षरार्थ उपस्थापित।

28/4/23
निजी सहायक

28/04/2023
नगर सचिव